people for Education
BECAUSE EDUCATION MATTERS MOST

Solving Problems at School

अभिभावकों को कई बार स्कूल-कार्य, उनके बच्चे के दूसरे बच्चों के साथ सम्बन्ध या उनके बच्चे की विशेष आवश्यकताओं के बारे में अध्यापक से बातचीत करने की आवश्यकता होती है। अधिकतर अध्यापक, अभिभावकों की ओर से इस प्रकार की बातें पूछे जाने के अभयस्त हैं और स्कूल में आपके बच्चे की सफलता हेतु सहायता करना चाहते हैं।

. अभिभावक : शिक्षा में भागीदार :-

ओनटेरियो में अभिभावकों को उनके बच्चों की शिक्षा में प्रमुख भागीदार बनने के लिए उत्साहित किया जाता है। वास्तव में अब शिक्षा मंत्रालय का एक अंग अभिभावकों की सहायता को समर्पित है ताकि वे अपने बच्चों की शिक्षा और स्कुल समुदाय से समबद्ध हो सकें।

परंतु तंत्र कई बार चकरा देने वाला या भयभीत करने वाला हो सकता है। यदि आपका कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप किससे बात करें।

यदि आप फोन पर अध्यापक से बात करना चाहते हैं तो स्कूल कार्यालय पर बात करें, संदेश छोड़ें और अध्यापक आपकों बाद में फोन करेगा।

यदि आप फोन पर अध्यापक से मिलना चाहते है तो स्कूल कार्यालय पर फोन करें और सदेंश कि आप अध्यापक से बातचीत करने के लिए समय चाहते है। यदि आप सोंचते हैं कि आपके बच्चे को अतिरिक्त सहायता या विशेष कार्यक्रम की आवश्यकता है तो आप स्कूल के दूसरे स्टाफ तथा अध्यापक के साथ बैठक की मांग कर सकते हैं। कई स्कूल आपको दुभाषिया दे सकतें हैं। स्कूल स्टाफ के साथ बातचीत करने के लिए यहाँ कुछ सकेंत हैं:-

. अपने बच्चे से बात करें :-

1. अपने बच्चे से प्रश्न पूछें जिससे आप सूचना संग्रह कर सकें।
2. खुले अंत के प्रश्नों को पूछने का प्रयास करें यथा - आपको किस - के बारे में कठिनाई अनुभव करते है। मुझे बताओ क्या हुआ।
3. वह क्या कहता, कहती है, उसे सुनो तथा और प्रश्न पूछें।

. अपने बच्चे के अध्यापक या स्कूल के गाइडेंस कौन्सलर से बात करें :-

1. आपका बच्चा कैसा अनुभव करता है, इस संबंध में अपनी चिन्ताओं से अध्यापक को अवगत कराएँ।
2. मेरे बच्चे ने बताया कि ..... इस प्रकार की टिप्पणियों के प्रयोग का प्रयास करें।
3. स्कूल की नीतियों और प्रक्रियाओं को समझने के लिए प्रश्न करें।
4. अध्यापक विचार-बिन्दुओं और सूझावों को सुने।
5. आपका बच्चा दोनों से उसी संदेश को ग्रहण करे इसलिए आप और अध्यापक संवाद करें कि आप क्या करेंगे।
6. यदि आपके स्कूल में गाईडेंस कौंसिलर है तो वह आपके बच्चे को शेष पाठ्यक्रम के बारे में और सामाजिक तथा शैक्षणिक समस्याओं को सुलझाने के बारे में परामर्श दे सकता/सकती है।
7. अध्यापक ने क्या कहा है, इस संबंध में आप सोचने के लिए समय ले सकते हैं। आपको किसी भी बात का तत्काल निर्णय नहीं करना है। यदि समाधन काम कर रहा है तो पुन: बातचीत के लिए सहमत हों।

. प्रिंसीपल या उप प्रिंसीपल से बातचीत करें :-

यदि अध्यापक सहायता करने में असमर्थ है तो प्रिंसीपल या उप-प्रिंसीपल से बात करें। वे प्रत्यक्ष सहायता करने या दूसरे अध्यापकों अथवा स्कूल के दूसरे स्टाफ को सम्बद्ध कर सहायता करने में सक्षम होंगे।

. स्कूल सुपरिंटेंडेट (अधीक्षक) से बात करें :-

यदि फिर भी समस्या का समाधन नहीं होता तो सहायता के लिए स्कूल अधीक्षक से संपर्क करें। स्कूल सचिव या प्रिंसीपल आपको बता सकता है कि अधीक्षक से कैसे संपर्क करना है या आप सूचना पाने के लिए स्कूल बोर्ड की वैबसाईट पर जा सकते हैं।

याद रखें :-

1. सूचित हो : अपने स्कूल की नीतियों के बारे में ढूँढे।
2. अध्यापक - अभिभावक साक्षातकारों व घटनाओं मे नियमित रूप से उपस्थित हों। यदि आप और अध्यापक पहले ही मिल चूकें है। तो समरूयाओं का समाधन करना सरल है।
3. अपने बच्चे के बारे में स्कूल द्वारा आमंत्रित बैठक में आप उपस्थित हों (ई. जी. स्पैशल एजुकेशन **IEP** स्कूल अनुशासन)
4. यदि आपकी समस्या सरलता से नहीं सुलझती तो आप महत्वपूर्ण बैठकों और संवादों की लिखित टिप्पाणियाँ रखें।
5. यदि आप अंग्रेजी में अपने आप को अभिव्यक्त करने में सहज नहीं है तो दूभाषियों के लिए कहें।
6. हमारे बच्चों के बारे में चिन्ताएँ अस्थिरताकारक हो सकती है। शांत रहने का प्रयास करें। यदि आप शांति से उन्हें अभिव्यक्त करते है तो संभावना है कि लोग आपकी चिन्ताओं को भली भांति सुनेंगे।

People for Education is an independent parents' group working to support public education in Ontario's English, French and Catholic schools.
You can reach us at: P.O. Box 64, Station P, Toronto, Ontario, M5S 2S6
phone: 416-534-0100 fax: 416-536-0100 e-mail: info@peopleforeducation.com or visit: www.peopleforeducation.com

people for
Education
BECAUSE EDUCATION MATTERS MOST

अधिक जानकारी के लिए -

पीपल फार एजुकेशन को 416-534-0100 पर फोन करें या इस

टिप-शीट की दूसरी भाषाओं में प्रतियाँ :

'www.peopleforeducation.com' से प्राप्त करें

शिक्षा मंत्रालय की वैबसाइट **'www. edu.gov.on.ca'** पर जाएँ

वीडियो और कई भाषाओं मे सूचना हेतु

'Www.settlement.org.com'

People for Education is an independent parents' group working to support public education in Ontario's English, French and Catholic schools.
You can reach us at: P.O. Box 64, Station P, Toronto, Ontario, M5S 2S6
phone: 416-534-0100 fax: 416-536-0100 e-mail: info@peopleforeducation.com or visit: www.peopleforeducation.com